उत्तराखंड तकनीकी विवि ने आयोजित की वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता

टीएचडीसी हाईड्रो इंजीनियनिरंग संस्थान रहा प्रथम

महिला प्रौद्योगिकी संस्थान की टीमों को मिला दूसरा व तीसरा स्थान



उत्तर उजाला ब्यूरो

देहरादून। आर्थिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निर्धारित 17 सतत विकास के लक्ष्यों की थीम्स पर आधारित इण्टर कॉलेजिएट युनिवर्सिटी वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्याल (यूटीयू) द्वारा किया गया। इस युनिवर्सिटी वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में विभिन्न संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षाओं में पढ़ाई के अतिरिक्त समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए प्रतिभाग कर पेटिंग्स के माध्यम से अपने हुनर को उजागर किया। प्रतियोगिता में कुल 7 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

प्रतियोगिता में प्रत्येक संस्थान से अधिकतम दो टीमें व प्रत्येक टीम में अधिकतम चार छात्र-छात्राओं को ही प्रतिभाग किये जाने का प्रावधान रखा गया। टीम को 17 सतत विकास के लक्ष्यों में से ही चयनित किसी एक गोल्स पर वॉल पेंटिंग बनाने का प्रावधान था।वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली विजेता टीम टीएचडीसी हाईड्रो इंजीनियनिरंग संस्थान टिहरी की रही,जिनकी थीम जल के नीचे जीवन पर आधारित रही है। जिसमें सिमरन रावत, अंशिका गुप्ता, मयंक व मानस रावत प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम के सदस्य रहे हैं, जिन्हें संयुक्त रूप से रूपये 7500 रुपए की नगद धनराशि व प्रत्येक सदस्य को प्रतियोगिता में पोजिशन पर आधारित सर्टिफिकेट भी वितरित किये गये।

प्रतियोगिता में सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा वाली थीम पर वॉल पेंटिंग बनाने वाली महिला प्रौद्योगिकी संस्थान देहरादून की टीम ने पेंटिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस थीम पर वॉल पेंटिंग बनाने में एहसास तिवारी, आकांक्षा बगियाल, बुशरा परवीन व भूमिका पाण्डेय टीम की सदस्य रही हैं,जिन्हें संयुक्त रूप से 6000 रुपए की नगद धनराशि व प्रत्येक सदस्य को प्रतियोगिता में पोजिशन पर आधारित सर्टिफिकेट भी प्रदान किये गये।

वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता के तीसरे स्थान पर भी महिला प्रौद्योगिकी संस्थान देहरादून की छात्राओं की टीम ने ही कब्जा किया है। शांति, न्याय और मजबूत संस्थाएं वाली थीम पर आधारित वॉल पेंटिंग बनाने में महिला प्रौद्योगिकी संस्थान की छात्राएं अलवीना शाह, ईशा तिवारी, मनीषा व अनीशा रावत टीम की सदस्य रही हैं,जिन्हें संयुक्त रूप से 5000 रुपए की नगद धनराशि व प्रत्येक सदस्य को प्रतियोगिता में पोजिशन पर आधारित सर्टिफिकेट भी प्रदान किये गये। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को बतौर मुख्य अतिथि नगद धनराशि व सर्टिफिकेट्स वितरित किये।इस अवसर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा.सत्येन्द्र सिंह, वित्त नियंत्रक विक्रम सिंह जंतवाल,परीक्षा नियंत्रक सहित प्रतियोगिता के जज डा.एसके चौहान, डा.वीके पटेल, डा.महक पाठक,कार्यक्रम समन्वयक गणेश खण्डूरी,अशिका गर्ग,नीतू प्रजापति सहित प्रतिभागी टीमों के छात्र-छात्राएं उपस्थिति रहे।